# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका अप्रेल 2026




नगर पालिक निगम भिलाई

# पाइप लाइन लीकेज से जलभराव की समस्या को निगम प्रशासन ने तत्काल किया समाधान

भिलाईनगर नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर जोन-2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16 के सुपेला बाजार क्षेत्र में जल आपूर्ति पाइप लाइन की टेस्टिंग के दौरान अचानक बड़ा लीकेज होने से इलाके में जलभराव की स्थिति बन गई। प्राप्त सूचना के अनुसार सुपेला रावण भाटा, शीतला तालाब के समीप एवं हार्डवेयर लाइन क्षेत्र में पाइप लाइन से भारी मात्रा में पानी बहने लगा। एक ही समय में अत्यधिक पानी नालियों में जाने से लक्ष्मी नगर के पास शीतला तालाब मार्ग की पुलिया जाम हो गई। पुलिया में पेयजल की तीन बड़ी पाइप लाइनें गुजरती हैं, जिनमें प्लास्टिक झिल्ली और कचरा फंस जाने से पानी का बहाव रुक गया। इसके चलते सड़क पर पानी जमा हो गया और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम भिलाई की टीम तत्काल मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने बांस की सहायता से जाम पुलिया को खोला और उसमें फंसे कचरे बाहर निकाले। इसके बाद जल निकासी की व्यवस्था सुचारु की गई। साथ ही सड़क पर फैले कीचड़ और कचरे को साफ कर संक्रमण से बचाव के लिए चूना पाउडर का छिड़काव भी किया गया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# आयुक्त ने गौठान व उद्यान का किया निरीक्षण, व्यवस्था दुरूस्त करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के गौठान एवं उद्यान का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। नगर पालिक निगम के आयुक्त द्वारा आज कोसा नगर स्थित गोठान का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गोठान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां मौजूद गौ-वंश के रख-रखाव एवं चारे-पानी की उपलब्धता की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गोठान की साफ-सफाई, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए गौ-वंश के लिए पर्याप्त पेयजल और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के बीच एक आत्मीय दृश्य तब देखने को मिला जब आयुक्त ने स्वयं गोवंश के समीप जाकर उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया। इस दौरान उन्होंने वहां पकड़े गए मवेशियों के रहने, खाने, पीने एवं चिकित्सा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौठान में मवेशियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके पश्चात आयुक्त ने सेक्टर 07 स्थित उद्यान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उद्यान की साफ-सफाई व्यवस्था एवं सिंचाई प्रणाली को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।



# बरसात पूर्व जलभराव रोकने निगम की तैयारी, जोन 2 वैशाली नगर के वार्ड 26 स्थित नाले की हुई व्यापक सफाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आगामी मानसून को देखते हुए शहर के बड़े नालों और जल निकासी प्रणालियों की सफाई का अभियान तेज कर दिया गया हैं। इसी क्रम में आज जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत केम्प-1, वार्ड 26 स्थित मुख्य नाले की साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। निगम के सफाई कर्मियों द्वारा नाले के भीतर जमी जलकुंभी, झिल्ली-पन्नी, प्लास्टिक कचरा एवं गाद (सिल्ट) निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जल मार्ग की बाधाओं को दूर करना है ताकि बारिश के दौरान पानी का बहाव निर्बाध रूप से हो सके और जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और निकासी व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नाले के दोनों ओर रिटर्निंग वॉल (सुरक्षा दीवार) बनाने की योजना है, कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। बारिश के दौरान पानी को ओवरफ्लो होकर गलियों में घुसने से रोकना मुख्य उद्देश्य है। भविष्य में होने वाली किसी भी संभावित दुर्घटना को टालना हैं।निरीक्षण में उपस्थित अधिकारी सफाई कार्यों की गुणवत्ता और गति का जायजा लेने के लिए मौके पर कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेमा वर्मा, उप अभियंता अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी एवं स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। निर्देशित किया गया है कि  मानसून की पहली बारिश से पहले सभी आवश्यक तकनीकी कार्य और सफाई पूरी कर ली जाए, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



नगर पालिक निगम भिलाई

# भेलवा तालाब व उद्यान का निरिक्षण- सुधार के दिए निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-01 अंतर्गत नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब एवं उद्यान का निरीक्षण निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल एवं अधिकारियों ने साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक संधारण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान तालाब एवं उद्यान की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए स्वच्छता, हरियाली एवं सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। तालाब में बेतरतीब फैल रहे कमल, जलकुंभी एवं अवांछित घास हटाने कहा गया है । गिरे हुए सूखे पेड़ हटाने जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना को निर्देशित किया गया है।अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को नियमित सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। नागरिकों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है| इस अवसर पर उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, उप अभियंता बसंत साहू, रीमा जमुलकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निगम द्वारा क्षेत्र में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



नगर पालिक निगम भिलाई

# स्मृति नगर में बिना लाइसेंस और अव्यवस्था पर नगर निगम की कार्रवाई, ₹3500 का जुर्माना वसूला गया

भिलाईनगर| स्मृति नगर क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने सख्ती दिखाते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार जोन क्रमांक 01, वार्ड क्रमांक 02 में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की कमी, सड़क बाधा उत्पन्न करने और अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) नहीं होने पर चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत तीन लोगों पर जुर्माना लगाया गया। विश्वनाथ डोसा सेंटर से ₹2000, ओम यादव से ₹500 तथा सुमित बाग से ₹1000 का चालान वसूला गया। इस प्रकार कुल ₹3500 की राशि निगम द्वारा वसूली गई। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में स्वच्छता बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। साथ ही व्यापारियों से अपील की गई है कि वे आवश्यक लाइसेंस प्राप्त कर नियमों का पालन करें, ताकि इस तरह की कार्रवाई से बचा जा सके।



नगर पालिक निगम भिलाई

# अवैध प्लाटिंग पर निगम की सख्त कार्रवाई, बाउण्ड्रीवाल ध्वस्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर को कब्जा मुक्त एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत अवैध प्लाटिंग पर निगम की टीम ने सख्त कदम उठाया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं शहर के सम्मानित नागरिकों से प्राप्त सूचना के आधार पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन-2 के राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम ने वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर के बाबादीप सिंह नगर क्षेत्र में कार्रवाई की। मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा रिक्त भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। साथ ही मुरूम डालकर प्लॉट काटे गए थे और उन्हें नागरिकों को बेचा जा रहा था। निगम की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी के माध्यम से अवैध रूप से निर्मित बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त किया तथा मौके से संबंधित सामग्री को जप्त किया गया। निगम ने स्पष्ट किया है कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी भूमि की खरीद-फरोख्त न करें तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी निगम को अवश्य दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।



# प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास मालिकों से सीधा संबंध, समस्याओं के समाधान पर चर्चा

भिलाई नगर। दिनांक 21 अप्रैल 2026 को नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बीएलसी घटक के ऐसे हितग्राही जिन्होंने मकान निर्माण हेतु आवेदन तो किया है लेकिन किसी कारणवश स्वीकृति उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं उनके लिए नगर पालिक निगम द्वारा विशेष पहल की गई है। कलेक्टर के निर्देश उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना के अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी अजीत कुमार तिग्गा ने सभागार में अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों की बैठक बुलाकर सीधे संवाद किया । बैठक में उपस्थित हितग्राहियों से नोडल अधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा कई हितग्राहियों ने आर्थिक अभाव, तो कुछ ठेकेदार नहीं मिलने के कारण को बताएं। एक हितग्राही के यहां उसकी पत्नी के दोनों किडनी खराब हो जाने की स्थिति को बताया तथा नोडल अधिकारी ने सभी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। आज बैठक में 163 हितग्राहियों को बुलाया गया था जिसमें 19 हितग्राहियों की उपस्थिति रही जिसमें 13 हितग्राहियों ने आवास प्रारंभ करने की सहमति दी तथा अपने मकान निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की सहमति व्यक्त की साथ ही बैठक में समाजिक विशेषज्ञ किरण चतुर्वेदी, एम आई एस श्री अभिषेक बजाज, सिविल विशेषज्ञ श्री आदित्य ठाकुर एवं समस्त एरिया के समस्त सर्वेयर उपस्थित रहे।



# नगर निगम भिलाई ने चलाया जल शुद्विकरण अभियान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड स्थित फौजी नगर क्षेत्र में जल शुद्धिकरण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गणेश मंच एवं शीतला मंदिर मोहल्ले के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डालकर पानी को शुद्ध किया जा रहा है। विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र के लगभग 125 घरों का सर्वेक्षण किया गयाए जिसमें 35 घरों में कुएं पाए गए। इन सभी कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डालकर जल शुद्धिकरण का कार्य कराया गया। साथ ही नागरिकों को जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक समझाइश भी दी गई। जन स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को सलाह दी है कि कुएं के पानी का उपयोग केवल निस्तारी कार्यों में करें तथा पीने के लिए नल के पानी को छानकर और उबालकर ही इस्तेमाल करें। इसके अलावा सड़े-गले फल एवं दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने की हिदायत दी गई है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए लोगों को लू से बचाव के उपाय अपनाने की भी सलाह दी गई है। जैसे तेज धूप में बाहर निकलते समय गमछा या टोपी पहनें तथा अधिक मात्रा में तरल एवं ताजे पेय पदार्थों का सेवन करें। इस अभियान के माध्यम से विभाग द्वारा नागरिकों को स्वच्छ जल के उपयोग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।



नगर पालिक निगम भिलाई

# गर पालिक निगम भिलाई में 'वूमेन फॉर ट्री' योजना की समीक्षा, 12,500 पौधों के संरक्षण का जिम्मा संभाल रहीं हैं महिला समूह

भिलाईनगर। केंद्र सरकार एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'वूमेन फॉर ट्री' के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। इस योजना के तहत निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 12,500 पौधों का रोपण किया गया है। इन पौधों के उचित रखरखाव, सुरक्षा और संवर्धन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगम मुख्यालय में एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। योजना का मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण को महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संचालित करना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं को स्वरोजगार और प्रबंधन से जोड़ा जा सके। रोपे गए 12,500 पौधों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करने के लिए नियमित खाद, पानी और सुरक्षा घेरे की व्यवस्था पर जोर दिया गया। प्रत्येक क्षेत्र के समूहों को उनके द्वारा लगाए गए पौधों की देखरेख के लिए तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए गए। बैठक में निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्य योजना की बारीकियों पर चर्चा की।



# निगम भिलाई के 7 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर शाल और श्रीफल से विदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के 07 कर्मचारियों को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक सम्मान समारोह आयोजित कर शाल और श्रीफल देकर विदाई दी गई। यह आयोजन निगम सभागार कक्ष में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे और अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी दीर्घकालिक सेवा के लिए धन्यवाद दिया और उनके योगदान की सराहना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों शशिभूषण मोहंती सहायक ग्रेड-03, नियाज शाह, केशव राम साहू, मातादीन वाहन चालक, प्रमोद अग्रवाल एवं गंगा प्रसाद चौहान पम्प सहायक, सुजनम्मा सफाई कामगार ने अपने कार्यकाल के दौरान निगम के विभिन्न विभागों में अहम भूमिका निभाई। समारोह में मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा ने कहा, इन कर्मचारियों ने अपनी मेहनत और समर्पण से नगर निगम के कार्यों को सराहनीय ढंग से पूरा किया। आज हम उन्हें सम्मानित कर गर्व महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर निगम के अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ कुछ यादगार पल साझा किए और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विदाई समारोह के दौरान सभी कर्मचारियों ने एक दूसरे के साथ मिलकर उनकी सेवा और काम के अनुभवों पर चर्चा की, जो निगम के कार्यों के लिए अमूल्य योगदान रहे।




**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**